भारत सरकार

रेल मंत्रालय

राज्य सभा

29.07.2022 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1562 का उत्तर

कर्पूरी ग्राम पर ट्रेनों का ठहराव न होना

1562. श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पूर्व मध्य रेलवे (ईसीआर), सोनपुर मण्डल अंतर्गत कर्पुरी ग्राम रेलवे स्टेशन पर कुछ ट्रेनों का ठहराव समाप्त कर दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो कोरोना-19 महामारी के बाद संचालित कौन-कौन सी ट्रेनों का ठहराव समाप्त किया गया है;

(ग) क्या कोई अध्ययन करवाया गया है जिससे पता चल सके कि ट्रेनों का ठहराव समाप्त किए जाने से स्थानीय यात्रियों को कितनी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है;

(घ) वे कौन से कारण हैं जिनकी वजह से उक्त स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव समाप्त किया गया है; और

(ङ) क्या सरकार उक्त स्टेशन पर ट्रेनों के समाप्त किए गए ठहराव को पुनः प्रारंभ करने पर विचार करेगी?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): भारतीय रेलों ने, आईआईटी-बॉम्बे की सहायता से अन्य बातों के साथ-साथ, अनुरक्षण गलियारा ब्लॉक बनाकर, मौजूदा समय सारणी में विरुद्धता को कम करने आदि द्वारा बेहतर यात्री संरक्षा प्रदान करने के लिए समय-सारणी को युक्तिसंगत बनाने का कार्य शुरू किया है। इस प्रक्रिया में ठहरावों का युक्तिकरण भी सम्मिलित था। तदनुसार, कर्पूरीग्राम स्टेशन पर 04 जोड़ी गाड़ी सेवाओं के ठहराव समाप्त कर दिए गए हैं, क्योंकि इनको परिचालनिक रूप से व्यवहार्य और वाणिज्यिक रूप से औचित्यपूर्ण नहीं पाया गया है। बहरहाल, भारतीय रेल में गाड़ियों के ठहरावों का प्रावधान करना एक सतत् प्रक्रिया है जिसे परिचालनिक व्यवहार्यता, वैकल्पिक सेवाओं की उपलब्धता, वाणिज्यिक औचित्य आदि को ध्यान में रखते हुए किया जाता है।

*****

s.k